## पेज 182 B

**प्रश्न 1:**

आपके विद्यालय की घंटी, ध्वनि कैसे उत्पन्न करती है?

**उत्तर 1:**

जब विद्यालय की घंटी को हथौड़े से पीटा जाता है तो यह कंपन करने लगता है। कंपन करती हुई वस्तुएँ ध्वनि उत्पन्न करतीं हैं। अतः, घंटी ध्वनि उत्पन्न करने लगती है।

**प्रश्न 2:**

ध्वनि तरंगों को यांत्रिक तरंगें क्यों कहते है?

**उत्तर 2:**

ध्वनि तरंगों को चलने के लिए द्रव्यात्मक माध्यम (जैसे: लोहा, ताँबा, वायु आदि) की आवश्यकता होती है। इसलिए इसे यांत्रिक तरगें कहते हैं।

**प्रश्न 3:**

मान लीजिए आप अपने मित्र के साथ चंद्रमा पर गए हुए है। क्या आप अपने मित्र द्वारा उत्पन्न ध्वनि को सुन पाएँगे?

**उत्तर 3:**

ध्वनि तरंगों को चलने के लिए द्रव्यात्मक माध्यम (जैसे: लोहा, ताँबा, वायु आदि) की आवश्यकता होती है। चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं है। इसलिए अपने मित्र द्वारा उत्पन्न ध्वनि को माध्यम के आभाव में हम नहीं सुन पाएँगे।